# वक्फ भूमि से इंदौर रोड तक कार्रवाई, वैशाली डी-मार्ट और खानशाहवली मामलों में पक्षपात के सवाल

## तीसरे दिन भी चला प्रशासन का बुलडोजर





**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने और अवैध कब्जों को हटाने के नाम पर शुरू हुआ प्रशासन का बुलडोजर अभियान अब एक बड़े विवाद और आक्रोश में तब्दील होता नजर आ रहा है। शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी नगर निगम और प्रशासनिक अमले ने भारी पुलिस बल के साथ नेहरू स्कूल के सामने शाहबाज खान कब्रिस्तान की वक्फ भूमि, जसवाड़ी रोड (माता चौक) और इंदौर रोड स्थित आरटीओ ऑफिस के आसपास ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए गुमठियों और अस्थायी कब्जों को ध्वस्त कर दिया।

पिछले दो दिनों में शिवाजी चौक, सिंधी कॉलोनी, लाल चौकी, खानशाहवली और बड़ा बम क्षेत्र में भी ऐसी ही कार्रवाई देखी गई, जिससे छोटे दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। लेकिन, जैसे-जैसे बुलडोजर की रफ्तार बढ़ रही है, वैसे-वैसे खंडवा प्रशासन की नीयत और कार्रवाई के तरीकों पर भी तीखे सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। इस पूरे अभियान में विशाल डी-मार्ट और खानशाहवली वार्ड में की गई कार्रवाइयों को लेकर जनता और व्यापारियों के बीच भारी असंतोष है, जिसे प्रशासन की दोहरी नीति का सबसे बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। ग्रामीणों और सोशल मीडिया पर उठ रहे सवालों के अनुसार, एक तरफ जहां गरीब और मध्यमवर्गीय व्यापारियों की गुमठियों और रोजी-रोटी पर बिना वक्त दिए बुलडोजर चला दिया गया, वहीं बड़े और रसूखदार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों जैसे डी-मार्ट के मामले में प्रशासन का रवैया और कार्रवाई के मापदंड पूरी तरह अलग नजर आए। लोगों का आरोप है कि रसूखदारों के अवैध निर्माणों पर हाथ डालने में प्रशासन के कदम डगमगा जाते हैं, जबकि सड़क किनारे पेट पालने वाले छोटे व्यापारियों को निशाना बनाना सबसे आसान काम बन चुका है। खानशाहवली क्षेत्र में हुई कार्रवाई को लेकर भी भारी नाराजगी है।

### शहर को सुंदर बनाना एकमात्र उद्देश्य, यह सिर्फ औपचारिक भेंट

विधायक जी से हुई मुलाकात महज एक औपचारिक भेंट थी, इसका अतिक्रमण विरोधी अभियान से कोई सीधा संबंध नहीं है। प्रशासन की इस मुहिम का एकमात्र उद्देश्य शहर की सड़कों को चौड़ा करना, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना और खंडवा को सुंदर बनाना है। किसी भी वैध या गरीब व्यापारी को परेशान करना हमारा मकसद नहीं है।

– बजरंग बहादुर, सिटी मजिस्ट्रेट, खंडवा

## डेंगू दिवस पर दिलाई जागरूकता की शपथ



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मानसून पूर्व डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से शनिवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से डेंगू के प्रति जनजागरूकता फैलाने और इसके उन्मूलन की शपथ ली। सिविल सर्जन अनिरुद्ध कौशल ने कहा कि डेंगू दिवस मनाने का उद्देश्य केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि बीमारी की रोकथाम के लिए धरातल पर प्रभावी कदम उठाना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए पानी की टंकियों और बर्तनों को ढककर रखना चाहिए तथा घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से छतों पर अनुपयोगी टायर, डिब्बे और कंटेनर नहीं रखने की अपील की, क्योंकि बारिश के मौसम में इनमें पानी जमा होने से मच्छर पनपते हैं।

उन्होंने लोगों को सलाह दी कि डेंगू से बचाव के लिए शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और आसपास जलभराव नहीं होने दें। साथ ही बुखार आने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में जांच कराने की सलाह दी।महामारी विशेषज्ञ योगेश शर्मा ने बताया कि डेंगू एक रोके जाने योग्य बीमारी है, जो साफ और ठहरे हुए पानी में पनपने वाले एडीज मच्छर के काटने से फैलती है।

# एचआईवी पॉजिटिव का खेत में मिला शव

**पीपीई किट पहनकर किया पोस्टमार्टम**



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** समीपस्थ ग्राम टिगरिया में शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक खेत में 40 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला। मृतक की पहचान हरदा निवासी युवक के रूप में हुई है, जो पत्नी और बच्चों के साथ खंडवा में रहकर मजदूरी करता था। मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शव के चेहरे पर गंभीर घाव के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि शरीर पर अन्य चोट के निशान नहीं पाए गए।

मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया गया, जहां डॉक्टरों ने संक्रमण से बचाव के लिए PPE किट पहनकर शव परीक्षण किया। रामनगर चौकी प्रभारी नंदराम वासुरे ने बताया कि युवक शराब पीने का आदी था। प्रारंभिक जांच में संभावना जताई जा रही है कि गर्मी या सड़क पर मुंह के बल गिरने से चोट आई हो, लेकिन अंदरूनी चोट के कारण मौत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला हत्या का है या प्राकृतिक मौत का।परिजनों ने पुलिस को बताया कि करीब 8-9 महीने पहले युवक की HIV जांच हुई थी, जिसमें वह संक्रमित पाया गया था। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों की जांच कराई गई थी, जिनकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। इसी कारण पत्नी उससे अलग रह रही थी। ग्रामीणों के अनुसार युवक पिछले कुछ दिनों से असामान्य व्यवहार कर रहा था। ऐसे में पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं किसी ने जानबूझकर उसकी हत्या तो नहीं की। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर सेमिनार 19 से

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** डॉ. सीवी रामन विश्वविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध परिषद के तत्वावधान में 19 से 23 मई 2026 तक पाँच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार की थीम कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं सतत व्यवसाय = वाणिज्य और प्रबंधन में उभरती प्रवृत्तियाँ रखी गई है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने बताया कि सेमिनार में विषय आधारित शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ विभिन्न तकनीकी एवं शैक्षणिक विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्यावसायिक नीति-निर्धारण, डिजिटल विपणन, आर्थिक प्रबंधन, वित्तीय प्रौद्योगिकी, आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन, ग्रामीण उद्यमिता और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विकास जैसे विषयों पर विशेष परिचर्चा और तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु अरुण रमेश जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, उद्योग, व्यापार और शोध के क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रही है। ऐसे में यह सेमिनार विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों को आधुनिक तकनीकों तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था की नई अवधारणाओं को समझने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नवाचार, शोध और तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है और यह आयोजन निमाड़ क्षेत्र को वैश्विक शैक्षणिक एवं तकनीकी परिदृश्य से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक सतीश परसाई, मिनू टिटिना, मनीष जोशी, अमोद खन्ना, कपिल पगनिस, अनिल सैनी तथा मधुकांत पटेल मुख्य वक्ता होंगे। संयोजक योगेश महाजन एवं सह-संयोजक आशीष राजपूत होंगे।

## 40 बसों की जांच, सुरक्षा नियमों की खुली पोल



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शनिवार को खंडवा से संचालित विभिन्न रूटों की यात्री बसों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 40 बसों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई बसों में सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी सामने आई। निरीक्षण के दौरान चार बसों में एक्सपायरी डेट वाले फर्स्ट एड बॉक्स पाए गए। वहीं तीन बसों में सुरक्षा संबंधी आवश्यक सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिली।

सबसे गंभीर मामला दो बसों में सामने आया, जहां इमरजेंसी दरवाजे खोलने पर भी नहीं खुले। इसे यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानते हुए यातायात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। इसके अलावा एक बस चालक निर्धारित वर्दी के बिना वाहन चलाते पाया गया।इन सभी मामलों में यातायात पुलिस ने कुल 9 बसों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 6500 रुपए का जुर्माना वसूला। अधिकारियों ने बस संचालकों को भविष्य में सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत भी दी।अभियान के दौरान केवल चालानी कार्रवाई ही नहीं की गई, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर जागरूकता संबंधी पहल भी की गई। पुलिस द्वारा ड्राइवर केबिन के पीछे बस की महत्वपूर्ण जानकारी सत्यापित कर चस्पा कराई गई। इसमें बस का मॉडल, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा की वैधता, चालक और बस मालिक के मोबाइल नंबर के साथ शिकायत की स्थिति में पुलिस का संपर्क नंबर भी दर्ज किया गया, ताकि यात्रियों को किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके। यातायात पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी इस तरह के विशेष निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# जिलेभर में रवाना हुए कृषक जागरूकता रथ, किसानों को मिलेंगे ई-टोकन





**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को जिलेभर में कृषक जागरूकता रथ रवाना किए गए। कलेक्ट्रेट परिसर से खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, परियोजना संचालक आत्मा एएस सोलंकी, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डीके वाणी सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

उपसंचालक कृषि नितेश यादव ने बताया कि कृषि रथ आगामी 10 दिनों तक जिले के सभी विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा। इस दौरान किसानों को ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, फसल विविधीकरण तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपायों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पराली प्रबंधन और कृषि यंत्रीकरण संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा खरीफ सीजन पूर्व खेतों के समतलीकरण तथा आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग को लेकर भी किसानों को जागरूक किया जाएगा। कृषि वैज्ञानिक, कृषि उद्यमी और प्रगतिशील किसान भी रथ के साथ रहकर किसानों को तकनीकी सलाह देंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की रूट चार्ट अनुसार ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं।इसी क्रम में विकासखंड छैगांवमाखन में जनपद परिसर से भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मंडलोई और जनपद अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सावनेर ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि विस्तार अधिकारी मंगलेश पटेल ने बताया कि यह रथ ब्लॉक के गांवों में पहुंचकर किसानों को ई-टोकन प्रणाली और आधुनिक खेती की जानकारी देगा, जिससे खाद वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और आसान बनेगी तथा किसानों को लंबी कतारों से राहत मिलेगी।मूंदी में भी कृषि रथ को विधायक नारायण पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, कृषि विभाग, सहकारी समितियों, पशु चिकित्सालय के अधिकारियों और बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

## जनजातीय वर्ग के लिए जनभागीदारी सबसे दूर-सबसे पहले अभियान कल से

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जनजातीय समुदाय तक शासन की योजनाओं का लाभ प्रभावी तरीके से पहुंचाने और ग्रामीणों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में 18 से 25 मई तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान जन भागीदारी सबसे दूर-सबसे पहले संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के जनजातीय बहुल गांवों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और पात्र हितग्राहियों के लिए लाभार्थी संतृप्ति शिविर लगाए जाएंगे।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री जन धन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित गांवों में यह अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनजातीय वर्ग का कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। अभियान के तहत बलड़ी क्षेत्र के 8 गांवों, छैगांवमाखन ब्लॉक के 70 गांवों, हरसूद विकासखंड के 6 गांवों, खालवा विकासखंड के 109 गांवों, खंडवा विकासखंड के 17 गांवों, पंधाना विकासखंड के 58 गांवों तथा पुनासा विकासखंड के 37 गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर आवेदन और लाभ वितरण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। प्रशासन के अनुसार अभियान के दौरान 18 विभागों की 25 विभिन्न सेवाओं का लाभ जनजातीय समुदाय के लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग, आजीविका, राशन, आधार, पेंशन और अन्य योजनाओं से संबंधित सेवाएं शामिल रहेंगी।

**एक नजर** | **धार की भोजशाला पर आए हाईकोर्ट के फैसले से खंडवा में उत्साह**

# घंटाघर चौक पर भारत माता की आरती, माता सरस्वती का किया पूजन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर आए हाई कोर्ट न्यायिक निर्णय के बाद खंडवा में सनातन धर्मावलंबियों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। शुक्रवार शाम शहर के प्रमुख घंटाघर चौक पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए, जहां भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती उतारी गई एवं मां सरस्वती का पूजन किया गया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजन के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति और धार्मिक नारों से गूंज उठा।

आरती और जयघोषों से बना भक्तिमय माहौल शाम होते ही घंटाघर चौक पर श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे। हाथों में केसरिया ध्वज और आरती की थालि लिए लोगों ने भारत माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान 'वंदे मातरम्', 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सुनील जैन ने बताया कि आयोजन में शामिल लोगों ने इसे सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के सम्मान से जुड़ा निर्णय बताते हुए खुशी जाहिर की। विधायक कंचन तंनवे ने कहा कि वर्षों से लंबित इस मामले में न्यायालय की पहल से सत्य की विजय हुई है। इस विजय को लेकर घंटा घर पर हम सभी ने मिलकर भारत माता की आरती कर जयकारे लगाए। भारत माता हमें सब कुछ देती है हमारा भी दायित्व है कि हम सभी भारत माता के प्रति नत मस्तक रहे एवं सदैव माता की आरती करते रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे डॉ. अनिस अरझरे ने भी खुशी खुशी जाहिर करते हुए इस फैसले को सत्य की जीत बताया एवं भारत माता की आरती में भाग लिया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा की जनता हमेशा से देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के पक्ष में रही है। आयोजन के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।

### शांतिपूर्ण माहौल में हुआ आयोजन, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल रहा तैनात

कार्यक्रम के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए घंटाघर चौक पर पुलिस बल तैनात रहा। भारत माता की आरती के इस आयोजन में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, विधायक कंचन मुकेश तनवे, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, डॉ अनिस अरझरे, लोकेंद्र गोड, सुनील जैन, गणेश गुरबाणी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, स्नेहा पाराशर, हरीश सेन, श्याम फुलमाली, पंडित शैलेंद्र पांडेय, नवीन शर्मा, प्रशांत मिश्रा, यशदीप चौरे, चंद्रेश पचोरी, सतनाम सिंह होरा, राजेंद्र सिंह सोनी विशाल छाबडा, राम सिंह रावत, आशीष शर्मा, अनिल भगत, दुर्गेश शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।